garudexpress7@gmail.com www.garudexpress.com youtube.com/@garudexpress1542 93011 65813



साप्ताहिक

RNI - MPHIN/2022/86458

# गरुड़ एक्सप्रेस

संपादक : राजेश लक्षकार

• वर्ष - 02 • अंक - 18 • पृष्ठ - 8 | नीमच | बुधवार, 28 फरवरी 2024 | • प्रति मूल्य - 5 रु. • वार्षिक शुल्क - 250 रु.

GST No. 23CJZPN1646K1ZL
प्रो. निलेश पाटीदार
॥ श्री गणेशाय नमः ॥
M. 6261469354
M. 9589096680
M. 7000631234
एस पी ब्रैकेट्रस
सीमेन्ट से बनी हुई ईट, पेवर ब्लॉक आदि मिलने का एक मात्र स्थान
पता- नीमच रोड़ जीरन, जिला- नीमच (म.प्र.)



शहर में आम जनता के लिए सालों बाद भी नगरपालिका द्वारा कोई कॉलोनी नहीं काटी गई। ताकि आमजन और जरूरतमंदों को सस्ते में प्लॉट मिल जाएं। पिछले 20 सालों में नपा ने कॉलोनी काटने के लिए प्लान तो बनाए लेकिन आज तक उन पर अमल नहीं किया। उल्टे शहर में नगरपालिका द्वारा अपनी ही बेशकीमती जमीन को सरकारी गाइडलाइन के नाम पर सस्ते भाव में बेचने का खेल चल रहा है। स्कीम नंबर-36 बी में 35 छोटे भूखंड हैं। पिछली परिषद के दौरान इनमें से 10 नीलाम किए जा चुके हैं। बाकी की नीलामी प्रक्रिया दोबारा नहीं हो पाई। नपा जरूरतमंदों के लिए इन छोटे भूखंडों को छोड़ बड़े-बड़े भूखंड नीलाम कर रही है। गुपचुप तरीके से कनावटी रोड स्थित नपा की बेशकीमती खेती की जमीन को 3 भागों में बेचने के लिए ई-नीलामी टेंडर निकाल चुकी है जिसकी अंतिम तारीख 29 फरवरी है। सूत्रों के अनुसार इन भूखंडों की बाजार कीमत 5 से 7 करोड़ रुपए से ज्यादा है लेकिन नपा ने इनकी बेस प्राइज दो से ढाई करोड़ रुपए रखी है।

# कलेक्टर की 'बोली' पर अटकी नगरपालिका की नीलामी




## सीएमओ को फटकार...

## ठंडे हुए सरकारी जमीन बेचने के अरमान

• गरुड़ एक्सप्रेस डेस्क

**नीमच।** सालों बाद भी नपा ने आमजनता के लिए कोई कॉलोनी नहीं काटी। लेकिन अब बड़े-बड़े भूखंड बेचने की तैयारी रसूखदारों को कर रही है क्योंकि आज के समय करोड़ों रुपए में जमीन खरीदना आम व्यक्ति के बस में तो है नहीं। नगरपालिका द्वारा कनावटी रोड पर निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज भवन व पीएम आवास परिसर के सामने स्थित नपा के बंगला-बगीचा-खेत में से खेत क्रमांक 4 व 45 की अविकसित भूमि में से तीन भूखंड बेच रही है। यह जमीन करीब 5 हेक्टेयर है। एक-एक प्लॉट की कीमत 5 से 7 करोड़ रुपए या इससे ज्यादा है क्योंकि सामने मेडिकल कॉलेज है। वैसे भी कनावटी क्षेत्र में मुख्य मार्ग पर जमीनों के भाव आसमान छू रहे हैं।

नगर पालिका परिषद द्वारा शहर में एक के बाद एक जमीन के खेल किए जा रहे हैं। कुछ दिनों पहले नपा ने विशेष सम्मेलन बुलाकर विवादित भूखंडों के नामांतरण कर दिए। अब जिम्मेदार पीएम आवास के सामने महू-नीमच हाइवे पर 3.491 हेक्टेयर जमीन के 3 टुकडे कर कम दामों में बेचने का खेल कर रहे हैं। नपा के जिम्मेदारो ने 250 करोड़ से अधिक की जमीन की प्रारंभिक बोली 6.89 करोड़ रुपए ही रखी है। पार्षदों ने आरोप लगाए हैं कि नपाध्यक्ष के ससुर व लोक निर्माण सभापति पर्दे के पीछे रहकर स्वयं जमीन खरीदकर 200 करोड़ से अधिक का मुनाफा कमाने की जुगत में हैं।

सवा साल पहले नपा के जिम्मेदार सिंधी कॉलोनी में विवादित जमीन का खेल करने के लिए हाईकोर्ट में वकीलों को बदलने का प्रस्ताव लेकर आए। तत्कालीन सीएमओ सविता प्रधान ने फाइल पर साइन करने से इनकार किया तो परिषद के जिम्मेदारों ने सीएमओ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी कर ली। मामला मीडिया में उछला तो जिम्मेदार शांत हुए। अब मेडिकल कॉलेज व पीएम आवास के सामने खेत नं. 3 व 45 की बेशकीमती जमीन की कम दाम पर ई-निविदा आमंत्रित कर 250 करोड़ से अधिक का नुकसान करने जा रहे हैं। नपा के जिम्मेदारों ने राजस्व एकत्र करने के नाम पर जमीन की रिजर्व प्रीमियम करीब 6.89 करोड़ रुपए ही रखी है। नेता प्रतिपक्ष ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप ई-निवदा निरस्त करने की मांग की।

> वर्तमान अध्यक्ष से शहर के निवासियों की जो अपेक्षा और जो भविष्य शहर की जनता उनमें देख रही है उसको प्लानिंग के तहत नेस्तनाबूद करने का खेल शहर में चल रहा है

## कलेक्टर ने नगर पालिका से जवाब मांगा

बेशकीमती जमीन को विक्रय करने की निविदा जारी होने के बाद जिला कलेक्टर दिनेश जैन ने उक्त मामले में संज्ञान लेते हुए नपा से जवाब मांगा है कि मेडिकल कॉलेज के सामने पड़ी रिक्त भूमि मेडिकल कॉलेज के भविष्य के विस्तार और नर्सिंग कॉलेज के स्वरुप लेने हेतु आरक्षित की गई है ऐसे में क्यों इस भूमि का विक्रय किया जा रहा है। उन्होंने पत्र में हवाला देते हुए स्पष्ट किया कि उपरोक्त भूमि मध्यप्रदेश शासन द्वारा नर्सिंग कॉलेज हेतु आरक्षित रखी गई है। ऐसे में बिना शासन की पूर्वानुमति के कोई भी निर्णय उपरोक्त भूमि के संदर्भ में नहीं लिया जा सकता है। ऐसे में नगर पालिका को उक्त निविदा निरस्त करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर दिनेश जैन ने पत्र के माध्यम से नपा को कहा है कि इसके बावजूद भी अगर आप इस प्रक्रिया का हिस्सा बनते हैं तो यह आपकी स्वयं की जिम्मेदारी होगी।

### इनका कहना

हमने तो जमीन को अतिक्रमण से बचाने व विकास के लिए आय बढ़ाने के लिए नीलामी निकाली थी। कलेक्टर के आदेश के बाद नीलामी रोक दी जाएगी।

**स्वाति चौपड़ा,** नपाध्यक्ष

रोहित पाटीदार 8349115354
ऑफिस 8349187717
आदित्य सोनी 8087262524
श्रीनाथजी स्टोन क्रेशर
आधुनिक कोण क्रेशर द्वारा निर्मित
✻ काली गिट्टी ✻ काली रेत (4mm-2.50mm)
उच्च क्वालिटी- उचित दाम ✻ 24 घण्टे सेवा उपलब्ध
कुंचड़ौद (जीरन), जिला- नीमच (म.प्र.)

# सांसद सुधीर गुप्ता ने पालसोड़ा से देवीपुरा सड़क निर्माण को दी स्वीकृति

## विधायक दिलीप सिंह परिहार ने कम्युनिटी हॉल (डोम) निर्माण को दी स्वीकृति

• पालसोड़ा (समरथ सेन)





भाजपा सरकार जहां विकास को लेकर नए आयाम स्थापित कर रही हैं इसी कड़ी में ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग जो अब पूरी होने जा रही हैं जिसके लिए ग्रामीणों ने कई बार आवेदन दिए एवं विगत दिनों भारत विकसित संकल्प यात्रा ग्राम पालसोड़ा पहुंची थी जहां ग्रामीणों ने सरपंच श्रीमती संगीता गुड्डु जाट के मार्गदर्शन में विकास हेतु कई आवेदन दिए थे उपरोक्त जानकारी देते हुए ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि गुड्डू जाट ने बताया कि गांव की प्रमुख मांगों को सांसद सुधीर गुप्ता ,क्षेत्रीय विधायक दिलीप सिंह परिहार, जिला पंचायत अध्यक्ष सज्जन सिंह चौहान के समक्ष रखी थी। जिसमें से कुछ प्रमुख मांगे स्वीकृत की गई है एवं अन्य मांगे भी शीघ्र ही स्वीकृत करा दी जाएगी। यह मांगे काफी समय से की जा रही थी जिन्हें प्रमुखता के आधार पर स्वीकृत किया गया है जिसमें सांसद सुधीर गुप्ता द्वारा पालसोडा से देवीपुरा सड़क निर्माण हेतु 2.60 करोड रुपए की स्वीकृति की गई साथ ही क्षेत्रीय विधायक दिलीप सिंह परिहार द्वारा कम्युनिटी हॉल ( डोम ) हेतु 15 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की है जिसके लिए ग्राम पंचायत क्षेत्र के समस्त ग्राम वासियों ने सांसद सुधीर गुप्ता ,विधायक दिलीप सिंह परिहार, जिला पंचायत अध्यक्ष सज्जन सिंह चौहान भई जी के प्रति आभार व्यक्त किया।सरपंच प्रतिनिधि गुड्डू जाट ने बताया कि गांव की अन्य प्रमुख समस्याएं जिन्हें भी शीघ्र जनप्रतिनिधियों के माध्यम से पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। आप सभी ग्रामीणों का सहयोग इसी प्रकार आगे भी मिलता रहे।



# कृति संस्था ने स्टेडियम के मैदान को सुधारने हेतु सौपा ज्ञापन

• गरुड़ एक्सप्रेस डेस्क

**नीमच**। शहर की सामाजिक साहित्यिक संस्था कृति द्वारा आज मुख्यमंत्री के नाम राजस्थानी राजेंद्र प्रसाद स्टेडियम जो एक दशक पूर्व किसी योजना के तहत मिट्टी डालकर प्रयास किया गया था इसके बाद मैदान में कीचड़ में गड्ढे हो गए हैं इसको सुधारने की मांग को लेकर आज मंगलवार, दोपहर 2 बजे कलेक्ट्रेट पहुच कर संस्था अध्यक्ष इंजी. बाबूलाल गौड़ ,सचिव डॉ विनोद शर्मा, पूर्व अध्यक्ष भरत जाजु, डॉ जीवन कौशिक, रघुनन्दन पाराशर,किशोर जेवरिया,

श्रीमति आशा साम्भर , पृथ्वी सिह वर्मा आदि ने जिला कलेक्टर पहुंचकर शहरी परियोजना अधिकारी तथा संयुक्त कलेक्टर राजेश शाह को जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सोपा गया।इस पत्र में मांग की गई की, पूर्व में यहां फुटबॉल सहित अन्य खेल प्रतियोगिताएं होती रही है। साथ ही राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस स्वाधीनता दिवस के कार्यक्रम भी यहां संपन्न होते रहे किंतु तकनीकी कुछ खराबियों के कारण मैदान में कीचड़ जमा होने से यह खेल के मैदान के रूप में उपयोग में नहीं आता है ।कुछ थोड़े खर्चे में इसे सुधार कर फिर से बहुत उपयोगी बनाया जा सकता है। इस अनदेखी अपेक्षा से खेल प्रेमी निराश है। इसे शीघ्र सुधारने के आदेश करे।ताकि इस स्टेडियम के मैदान का पूर्व की तरह उपयोग हो सके।



# पेयजल व्यवस्था को लेकर बैठकों का दौर जारी

## नपाध्यक्ष श्रीमती चौपड़ा ने की अब तक किये गये उपायो की समीक्षा

### अधिकारियों व कर्मचारियों को दिये आवश्यक निर्देश

• गरुड़ एक्सप्रेस डेस्क



**नीमच। इस वर्ष अल्प वर्षा से जाजू सागर बांध में काफी कम मात्रा में पानी संग्रहित होने से उत्पन्न संभावित जल संकट से निपटने के लिये नगरपालिका परिषद्, नीमच की अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चौपड़ा द्वारा विधायक व कलेक्टर महोदय से निरंतर चर्चा कर जलप्रदाय विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ निरंतर बैठके कर पेयजल व्यवस्था हेतु किये जा रहे उपायों की समीक्षा की जा रही है एवं आवश्यक निर्देश दिये जा रहे हैं ताकि नीमच शहरवासियों को ग्रीष्म ऋतु में पेयजल संकट का सामना न करने पड़े।**

मंगलवार 27 फरवरी को नपाध्यक्ष श्रीमती चौपड़ा ने जलकल सभापति श्रीमती छाया जायसवाल के साथ जलकल विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों, वाल्वमेन तथा बीटीएल कम्पनी के स्टॉफ की बैठक लेकर पेयजल व्यवस्था हेतु अब तक किये गये उपायो की समीक्षा की तथा निजी जल स्त्रोतों के अधिग्रहण व आवश्यकता पडने पर ट्यूबवेल खनन करवाने संबंधी कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिये। बैठक में नपाध्यक्ष श्रीमती चौपड़ा ने शिवाजी सागर जलाशय (ठीकरिया बांध) से आवश्यकतानुसार पानी प्राप्त करने के अनुबंध के बारे में जलकल विभाग प्रभारी उपयंत्री श्री अम्बालाल मेघवाल से जानकारी प्राप्त की। इस पर श्री मेघवाल ने बताया कि ठिकरिया बांध से 5 एमसीएम पानी प्राप्त किये जाने हेतु अनुबंध कर 5 लाख रूपये की राशि भी जमा करा दी गई है। श्रीमती चौपड़ा ने सार्वजनिक कुओ को रिचार्ज कराने व निजी जल स्त्रोंतों के अधिग्रहण संबंधी अब तक हुई कार्यवाही के बारे में पूछा तो जलकल अधिकारियों ने बताया कि कुओ को रिचार्ज करने व कुओ की सफाई संबंधी कार्य प्रारंभ किया जा चुका है तथा निजी जल स्त्रोतों के अधिग्रहण संबंधी फाईल भी तैयार की जा चुकी है। साथ ही नवीन ट्यूबवेल खनन हेतु भी प्रक्रिया जारी है।

नपाध्यक्ष श्रीमती चौपड़ा ने जलकल अधिकारियों व कर्मचारियों को नवीन नल संयोजन पूरी तरह बंद करने व पेयजल व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिये। श्रीमती चौपड़ा ने अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा कि पेयजल आमजन की मूलभूत आवश्यकता है और हमारा दायित्व है कि शहर के नागरिकों को पेयजल संबंधी कोई परेशानी न हो। इस कार्य में अगर किसी भी प्रकार की लापरवाही हुई तो संबंधित को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जावेगा।

बैठक में जलकल सभापति श्रीमती जायसवाल ने पानी का दुरूपयोग रोकने हेतु अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिये कि नलों में टोटी लगाने का कार्य निरंतर जारी रखे तथा कहीं भी पाईप लाईन फूटने व लिकेज संबंधी शिकायत हो तो उसका निराकरण प्राथमिकता से किया जावे।

नपाध्यक्ष श्रीमती चौपड़ा ने कहा कि ग्रीष्म ऋतु में संभावित पेयजल संकल से निपटने के लिये विधायक महोदय व कलेक्टर महोदय के मार्गदर्शन में हम पूरी तरह से तैयार है। वर्तमान में जाजू सागर बांध में 8 फीट पानी है, जिसमें से हम 3 फीट पानी का उपयोग कर सकते हैं। साथ ही वर्षा लेट भी होती है तो हमें ठिकरिया बांध से मात्र 4 एमसीएम पानी की आवश्यकता होगी, किन्तु हमने उससे ज्यादा 5 एसीएम पानी का अनुबंध किया है, ताकि नागरिकों को पेयजल संबंधी कोई परेशानी ना हो।

बैठक में नपा की सहायक यंत्री श्रीमती अभिलाषा चौरसिया, उपयंत्री श्री अम्बालाल मेघवाल, जलकल विभाग के लिपिक श्री सुरेश पंवार, श्री नाथुलाल नागर, श्री कचरूलाल राठौर के साथ ही पम्प ऑपरेटर, वाल्वमेन व पेयजल वितरण वाली कम्पनी के सुपरवाईजर व कर्मचारी उपस्थित थे।

---

### आरोपियों को सता रहा मौत का डर

# बाबू सिंधी रीवा और राकेश अरोरा को सतना जेल में किया जाएगा शिफ्ट


समाजसेवी अशोक अरोरा

• गरुड़ एक्सप्रेस डेस्क

**नीमच**। समाजसेवी अशोक अरोरा पर हुए हमले में पुलिस ने 16 - दिन में 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इसमें मुख्य आरोपी बाबू सिंधी व अशोक का भाई राकेश सामने आए। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया तो पहले से ही न्यायालय के सामने कनावटी जेल की जगह दूसरी जेल में शिफ्ट करने की मांग रखी थी। आरोपियों को कनावटी जेल में हत्या होने का डर सता रहा था। न्यायालय ने आरोपियों को कनावटी जेल ही भेज दिया था।

जानकारी के अनुसार आरोपियों ने जेल बदलने के लिए न्यायालय में आवेदन किया था। ऐसे में जल्द आरोपियों को दूसरी जेल में भेजा जाएगा। फायरिंग के मास्टर माइंड बाबू सिंधी को जिला जेल कनावटी से एमपी के रीवा जिला जेल तो राकेश अरोरा को सतना जिला जेल भेजा जाएगा। अन्य सभी आरोपी फिलहाल यहीं रहेंगे। एएसपी नवलसिंह सिसौदिया ने बताया कि जेल अधीक्षक की ओर से ही जेल बदली की प्रक्रिया की गई है। अब आदेश आते ही दोनों आरोपियों की जेल बदली जाएगी।

---

# शासकीय महाविद्यालय जीरन में बीआईएस के तहत स्टैंडर्ड राइटिंग कार्यक्रम संपन्न




• गरुड़ एक्सप्रेस डेस्क

**नीमच**। भारतीय मानक ब्यूरो भोपाल के बेनर एवं प्रभारी प्राचार्य प्रो.दिव्या खरारे के मार्गदर्शन मे एवं शासकीय महाविद्यालय जीरन स्टैंडर्ड क्लब मेंटर डॉ.भावना नागर द्वारा स्टैंडर्ड राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. दिव्या खरारे द्वारा एवं भोपाल BIS के रिसोर्स सपोर्ट टीम मेंबर पंकज पारगी द्वारा मां सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्वलन कर, अतिथि का स्वागत कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। पंकज पारगी द्वारा विद्यार्थियों को विभिन्न चलचित्रों एवम् आभाचित्रों से भारतीय मानको के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन श्री रणजीत सिंह चंद्रावत ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय समिति सदस्य सीमा चौहान एवं समस्त महाविद्यालय स्टाफ एवम् स्टैंडर्ड राइटिंग मे सहभागी एवं महाविद्यालयीन विद्यार्थी उपस्थित रहे। भारतीय मानक ब्यूरो भोपाल द्वारा स्टैंडर्ड क्लब के सभी विद्यार्थियों को स्टैंडर्ड राइटिंग प्रतियोगिता में प्रतिभागीता प्रमाण पत्र एवं प्रथम द्वितीय तृतीय एवं चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को क्रमशः 1000 रुपए प्रियांशी पूनी व महेश जोहरे प्रथम, 750 अरीना मंसूरी व प्रज्ञा टॉक द्वितीय, 500 रेखा कुंवर व वंशिका कुंवर को तृतीय, एवम् 250 रवि राजोरा व नितेश राजोरा को चतुर्थ स्थान आने पर रुपए का नगद पुरस्कार प्रदान कर पुरस्कृत किया गया, साथ ही सांत्वना पुरस्कार के रूप में सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार एवम् प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। आभार डॉ. विष्णु निकुम द्वारा किया गया ! जानकारी मीडिया प्रभारी रणजीत सिंह चंद्रावत व डॉ रामधन मीना ने प्रदान कि।

---

# राजस्व महाअभियान के तहत दर्ज राजस्व प्रकरणों का दो दिन में शतप्रतिशत निराकरण करें- सुश्री नेहा मीना

### एडीएम ने दिए जिले के सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश

**नीमच**। जिले के सभी राजस्व अधिकारी राजस्व महाअभियान के दहत दर्ज सभी राजस्व प्रकरणों का शत-प्रतिशत निराकरण दो दिवस में सुनिश्चित करें। सीमांकन एवं नक्शा तरमीम के प्रकरणों को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। सुश्री नेहा मीना ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में आयोजित अधिकारियों की बैठक में जिले के सभी राजस्व अधिकारियों को दिए। बैठक में जिला पंचातय सीईओ गुरूप्रसाद,संयुक्त कलेक्टर राजेश शाह, सुश्री प्रीती संघवी, सभी एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं जिला अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में एडीएम सुश्री नेहा मीना ने निर्देश दिए, कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 16 की किश्त का अंतरण कार्यक्रम 28 फरवरी 2024 को आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का जिला, ब्लॉक स्तर पर सीधा प्रसारण किया जावेगा। इस कार्यक्रम में अधिकाधिक किसानों, हितग्राहियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। स्थानीय जन-प्रतिनिधियों से चर्चा कर, कार्यक्रम का स्थल नियत करलें एवं सभी आवश्यक प्रबंध तत्परतापूर्वक करें। कार्यक्रम का ग्रामीण अमले के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाना भी सुनिश्चित करें। जिला पंचायत सीईओ गुरूप्रसाद ने बैठक में बताया,कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा 29 फरवरी 2024 को विकसित भारत-विकसित मध्यप्रदेश के तहत विकास एंव निर्माण कार्यो का भूमि पूजन एवं लोकार्पण किया जावेगा। इस कार्यक्रम का जिला ब्लॉक स्तर पर भूमिपूजन लोकार्पण स्थल पर सीधा प्रसारण किया जावेगा। जिला पंचायत सीईओ ने कहा, कि जिला स्तरीय कार्यक्रम जिला पंचायत परिसर नीमच में आयोजित किया जावेगा। जिले में 29 फरवरी 2024 का कार्यो का भूमिपूजन किया जावेगा। सभी संबधित अधिकारी इस कार्यक्रम के लिए कन्ट्रोल रूम स्थापित कर, कार्यक्रम के फोटोग्राफ्स व उपस्थित संख्यात्मक जानकारी संकलन कर, अनिवार्य रूप से उपलब्ध करवायें।

## संपादकीय

# स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव संविधान की आधारभूत संरचना का हिस्सा

चंडीगढ़ नगर निगम मेयर का चुनाव निर्वाचन प्रणाली में एक काले अध्याय के रूप में दर्ज हो चुका है। सर्वोच्च न्यायालय ने उस चुनाव में मतपत्रों को गलत तरीके से निरस्त करने और एक हारे हुए पक्ष के प्रत्याशी को मेयर घोषित करने पर कड़ी प्रतिक्रिया जताते हुए कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव संविधान की आधारभूत संरचना का हिस्सा है। इसे सुनिश्चित कराना जरूरी है।

गौरतलब है कि चंडीगढ़ मेयर के चुनाव में पीठासीन अधिकारी ने कुछ मतपत्रों पर खुद निशान लगा कर उन्हें निरस्त कर दिया था। वह सारा वाकया कैमरे में भी दर्ज हुआ था। इस तरह मनमानी और धोखाधड़ी करके सरेआम किसी पार्टी के प्रत्याशी को हराने और किसी पार्टी के प्रत्याशी को विजयी घोषित करने का यह पहला प्रत्यक्ष प्रमाण था। इस पर सर्वोच्च न्यायालय की नाराजगी स्वाभाविक थी।

मगर चुनावों में मत चोरी और धोखाधड़ी कोई नई बात नहीं है। पहले जब मतपत्रों के जरिए मतदान होते थे, तब कई जगह दबंगों के मतपेटी लूटने और उन्हें अपने पक्ष के मतपत्रों वाली पेटी से बदल देने की घटनाएं खूब हुआ करती थीं। उसे रोकने के लिए मतदान मशीनों का इस्तेमाल शुरू हुआ। दावा किया गया कि इससे मतदान में पारदर्शिता आएगी और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की आशंका दूर होगी। मगर अब तो मतदान मशीनों पर भी गंभीर शक जाहिर किया जाने लगा है। विपक्षी दल मतपत्रों के जरिए मतदान कराने या फिर मतदान मशीन को त्रुटिपूर्ण बनाने की मांग कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि मतदान मशीनों को बाहर से संचालित किया जा सकता है। इस तरह सत्ताधारी दल दूसरे दलों के मतों को हटा कर अपने पक्ष में मतों की संख्या बढ़ा लेता है। विपक्षी दलों का दावा है कि उनके पास इस बात के पुख्ता प्रमाण हैं। कुछ जगहों पर मतगणना के बाद मतदाता सूची पर अंकित मतों और मतदान मशीन से निकले मतों में अंतर भी देखा गया है। इस तरह अब निर्वाचन आयोग की निष्ठा पर भी सवाल उठने लगे हैं। ऐसे में यह सवाल अब बड़ा बन चुका है कि सर्वोच्च न्यायालय के इस कथन का पालन कैसे हो कि चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष हों। चुनाव लोकतंत्र की आत्मा है। अगर वही प्रश्नांकित होने लगा है, तो लोकतंत्र की अवधारणा धुंधली होगी ही। फिर तो लोगों के मतों का कोई अर्थ नहीं रह जाएगा, जो मतों को अपने पक्ष में कर सकेगा, वही सत्ता में बना रहेगा।

**महाशिवरात्रि और प्रदोष व्रत का संयोग एक साथ...**

# इस दिन व्रत और पूजा से मिलेगा दोगुना लाभ

**इस बार की महाशिवरात्रि बहुत ही ज्यादा खास मानी जा रही है, क्योंकि इस दिन शुक्र प्रदोष व्रत का संयोग बन रहा है। प्रदोष व्रत के अलावा इस दिन और भी कई दुर्लभ योग बन रहे हैं।**



· फास्ट टुडे

महाशिवरात्रि फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाई जाती है। इस साल महाशिवरात्रि का पर्व 8 मार्च को है। इस दिन भगवान शिव की विधि विधान से पूजा की जाती है और व्रत रखा जाता है। इस बार की महाशिवरात्रि बहुत ही ज्यादा खास मानी जा रही है, क्योंकि इस दिन शुक्र प्रदोष व्रत का संयोग बन रहा है। प्रदोष व्रत के अलावा इस दिन और भी कई दुर्लभ योग बन रहे हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि इस बार महाशिवरात्रि पर व्रत रखकर भोलेनाथ की पूजा करने से सभी मनोकामनाएं शीघ्र ही पूरी होंगी। तो चलिए जानते हैं महाशिवरात्रि पर बनने वाले सभी योगों के बारे में...

### महाशिवरात्रि पर शुक्र प्रदोष व्रत का संयोग

इस बार महाशिवरात्रि और शुक्र प्रदोष व्रत का संयोग एक साथ बन रहा है, इसलिए यह व्रत सौभाग्य और सुख-समृद्धि प्रदान करने वाला होगा। इस व्रत को करने से जीवन में किसी प्रकार का कोई अभाव नहीं रहता है। इस दिन व्रत रखने से महाशिवरात्रि और शुक्र प्रदोष व्रत का लाभ एक साथ प्राप्त होगा।

### महाशिवरात्रि पर बन रहे ये संयोग

8 मार्च को महाशिवरात्रि वाले दिन शिव योग, सिद्ध योग और चतुर्ग्रही योग का संयोग हो रहा है। इस दिन कुम्भ राशि पर शनि मूल त्रिकोण में बैठे हैं। इसके साथ सूर्य, चंद्रमा और शुक्र भी विराजमान हैं। इसके अलावा महाशिवरात्रि के दिन शुक्र प्रदोष व्रत भी है। ऐसे में यह अद्भुत संयोग विशेष फलदायी है। इस दिन भगवान शिव की पूजा से कई गुना फल मिलेगा।

### प्रदोष व्रत का महत्व

ऐसा माना जाता है की प्रदोष काल में शिव जी साक्षात् शिवलिंग में प्रकट होते हैं, इसलिए इस समय शिव की पूजा करने से उत्तम फल मिलता है। वहीं शुक्र प्रदोष व्रत करने से शत्रुओं का नाश होता है और महादेव की सदैव कृपा बनी रहती है।

# साप्ताहिक राशिफल

**मेष**




आज का दिन आपके लिए आय में वृद्धि लेकर आने वाला है। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष**



वृषभ राशि के जातकों आज अपने आवश्यक काम को समय रहते पूरा करने का प्रयास करेंगे। पारिवारिक मामलों में आप किसी बाहरी व्यक्ति को शामिल ना करें।

**मिथुन**



आज का दिन महत्वपूर्ण रहने वाला है। भाई व बहनों की ओर से कोई महत्वपूर्ण जानकारी सुनने को मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में नए लोगों से मेलजोल बढ़ाने में कामयाब रहेंगे।

**कर्क**



आज का दिन आपके चारो ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। आप सभी को सम्मान देंगे। गृहस्थ जीवन में जीवनसाथी से संबंध पहले से बेहतर रहेंगे। आप सबके हित की बात करेंगे।

**सिंह**



आज का दिन मान सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। कामों में निःसंकोच आगे बढ़ेंगे। लंबे समय से रुके हुए कार्य को पूरा करेंगे। कार्यक्षेत्र में लाभ की स्थिति पहले से बेहतर होगी।

**कन्या**



आज आवश्यक कार्य को समय रहते पूरा कर सकते हैं। कामकाज की तलाश कर रहे लोगों के लिए दिन सामान्य रहेगा। दान धर्म के कार्य के प्रति आपकी रुचि बढ़ेगी।

**तुला**




आज का दिन व्यापार कर रहे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपको अपनी आय को बढ़ाने के प्रयासों में सफलता मिलेगी और आपको एक से अधिक स्त्रोतो से आय मिलेगी।

**वृश्चिक**



आज का दिन शासन व प्रशासन के मामलों में बेहतर रहेगा। सभी का सहयोग आप पर बना रहेगा और कार्यक्षेत्र में आपको योग्यता अनुसार काम मिलने से आपकी प्रसन्नता का ठिकाना नहीं रहेगा।

**धनु**



आज का दिन धार्मिक गतिविधियों से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। मित्रों के साथ आप किसी मनोरंजन की यात्रा पर जा सकते हैं। आप अपनी अच्छी सोच का कार्यक्षेत्र में लाभ उठाएंगे।

**मकर**



आज आप अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। आपका कोई पुराना रोग फिर से उभर सकता है। नवीन प्रयासों में आप आगे रहेंगे। जरूरी काम को आप प्राथमिकता दें, तभी वह पूरे होंगे।

**कुंभ**



आज का दिन उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है। विभिन्न स्थान पर आप सफलता हासिल करेंगे। साझेदारी में आपको किसी काम को करने से अच्छा लाभ मिलने की संभावना है।

**मीन**



आज का दिन आपके लिए मेहनत व लग्न से काम करने के लिए रहेगा। अपने महत्वपूर्ण काम को करने में ढील देने से बचे और किसी की कही सुनी बातों में ना आएं।



## जबलपुर है घूमने की लिए शानदार जगह

# मन मोह लेगी भेड़ाघाट की खूबसूरती

जबलपुर में मदन महल किला उन शासकों के जीवन की गवाही के रूप में खड़ा है, जिन्होंने 15 वीं शताब्दी ईस्वी में यहां पर शासन किया था। शहर से कुछ किलोमीटर दूर एक पहाड़ी पर स्थित मदन महल किला राजा मदन सिंह द्वारा बनवाया गया था।किले का संबंध राजा की माता रानी दुर्गावती से भी है,जो उस समय के एक बहादुर गोंड शासक थी।यह किला रानी दुर्गावती की आभा और उनके पूर्ण सुसज्जित प्रशासन तथा सेना के बारे में बताता है। मदन महल किला निश्चित रूप से भारत के प्राचीन प्राचीन स्मारकों में से एक है और जबलपुर की यात्रा पर अत्यधिक अनुशंसित है।



## प्रकृति का चमत्कार-बैलेंसिंग रॉक

जबलपुर प्राकृतिक चमत्कार बैलेंसिंग रॉक के लिए प्रसिद्ध है।यह पर्यटक स्थल मदन महल किले के पास स्थित है।बैलेंसिंग रॉक विस्फोटित ज्वालामुखी रॉक संरचनाओं का उदाहरण है।यहाँ बड़ी से चट्टान केवल थोड़ा सा स्पर्श करके विशाल आधार चट्टान पर संतुलन बनाती है।फिर भी यह आश्चर्यजनक है कि 6.5 की तीव्रता के भूकंप में भी बैलेंसिंग रॉक बच गया।कहा जाता है कि इस चट्टान के संतुलन को बिगाड़ना असंभव है।

## चौसठ योगिनी मंदिर

जबलपुर शहर से 20 किमी दूर अपनी दूधिया संगमरमर चट्टानों के लिए विश्व प्रसिद्ध भेडाघाट पर्यटन स्थल में चौसठ योगिनी का मंदिर उसी इतिहास का साक्षी है।हालांकि मुगल आक्रांता औरंगजेब ने यहां की सभी योगिनियों को खंडित कर दिया था।लेकिन आज भी इस मंदिर का ढांचा बेहद मजबूत है और बड़ी संख्या में पर्यटक इसे देखने आते है।एएसआई ने इसे संरक्षित स्मारक घोषित किया है।

## बरगी डेम में समुद्र से नजारा

जबलपुर का बरगी डेम नर्मदा नदी का सबसे महत्वपूर्ण डेम है।इस डेम का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि यह जबलपुर और आसपास के क्षेत्रों में जल आपूर्ति का एक प्रमुख स्रोत है।इसमें समुद्र से नजारा दिखता है।बरगी डाइवर्शन प्रोजेक्ट और रानी अवंतीबाई लोधी सागर प्रोजेक्ट इस डेम पर विकसित की गई दो महत्वपूर्ण सिंचाई परियोजना है।समय के साथ बरगी डेम जबलपुर के एक महत्वपूर्ण पर्यटन केन्द्र के रुप में विकसित हुआ है।मध्यप्रदेश सरकार ने भी इस दिशा में काफी पहल की है।सरकार ने यहां एक रिसॉर्ट भी खोला है, जिसके आगे का हिस्सा डेम की ओर है।इस रिसॉर्ट से डेम और जलाशय का असाधारण नजारा देखने को मिलता है। यहां बोट राइड, फिशिंग, वाटर स्कूटर आदि की सुविधा भी है, जिससे बरगी डेम की यात्रा और भी मनोरंजक बन जाती है। इतना ही नहीं, डेम के आसपास के क्षेत्रों में मैना, तोता, सारस, कबूतर और स्थानीय काली गौरेया सहित अनेक पक्षियों को भी देखा जा सकता है।

## कचनार के 75 फ़ीट के शिव

कचनार सिटी कि प्रसिद्धी यहाँ पर बहुत ऊँची शिव प्रीतिमा के कारण देश विदेश में है।यह मूर्ति 15 फ़रवरी 2006 में जन दर्शन व पूजा के लिए तैयार की गयी। इस मूर्ति कि ऊंचाई 75 फीट और व्यास 23 मीटर है।यह एक गुफा के उपर स्थापित है।इस गुफा में 12 ज्योतिर्लिंग है जो कि देश के भिन्न-भिन्न शिव धार्मिक स्थल से लायें गए हैं।



## नियाग्रा की टक्कर का है धुआंधार

भेडाघाट में ही नियाग्रा की टक्कर का धुआंधार जलप्रपात भी है।10 मीटर की ऊंचाई से गिरने वाले इस प्रपात की छटा अनुपम है।इसकी उत्पत्ति नर्मदा नदी से होती है।यह सुरम्य प्रपात प्रसिद्ध संगमरमर की चट्टानों से निकलता है।यहां पानी जब बड़ी धारा के साथ गिरता है तो उसके गिरने की आवाज काफी दूर से सुनाई देती है।इस जल प्रपात में पानी गिरने से उस स्थान पर कुहासा या धुंआ सा बन जाता है। इसलिए इसे धुआंधार जलप्रपात कहा जाता है।सुंदरता के लिहाज से धुआंधार जलप्रपात एक असाधारण स्थल है, जिससे देखने पूरे साल बड़ी संख्या में पर्यटक यहां आते हैं।यह जगह दोस्तों और परिवार के साथ पिकनिक मनाने के लिए भी काफी आदर्श है।जलप्रपात के सामने काफी बड़ा खुला स्थान है। जबलपुर शहर से 25 किमी दूर स्थित यह जलप्रापत अपनी मनमोहक सुंदरता के कारण एक चर्चित पर्यटन स्थल है।

## नोरा ने सुनाए 'रिजेक्शन' के दौर की बेइज्जती के किस्से

# फिर बढ़ता गया फिल्म दर फिल्म हौसला



सीधे ओटीटी पर रिलीज हुई फिल्म 'भुज' में रॉ एजेंट हीना रहमान के रुप में सेकेंड लीड रोल करने वाली अभिनेत्री नोरा फतेही के करियर का बड़ा टर्निंग प्वाइंट हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'क्रैक जीतेगा तो जिएगा' बन सकती है।

अपने आइटम नंबर्स के लिए साउथ सिनेमा से लेकर हिंदी सिनेमा तक में अपनी पहचान बना चुकी नोरा अब खुद को एक अभिनेत्री के तौर पर स्थापित करने की कोशिश कर रही हैं। और, फिल्म 'क्रैक जीतेगा तो जिएगा' में फिल्म के हीरो विद्युत जामवाल की हीरोइन बनना इस दिशा में उनका पहला ठोस कदम है।

अभिनेत्री नोरा फतेही को 'ओ साकी-साकी', 'दिलबर', 'छोड़ देंगे', 'एक तो कम जिंदगानी', 'हाय गर्मी' जैसे कई ब्लॉकबस्टर आइटम गानों से खूब लोकप्रिय मिली है। फिल्म 'क्रैक जीतेगा तो जिएगा' में वह अभिनेता विद्युत जामवाल के साथ आलिया नाम की एक इन्फ्लुएंसर की भूमिका निभा रही हैं। इस फिल्म में वह जबरदस्त स्टंट सीन करती नजर आएंगी। फिल्म में अपनी भूमिका के बारे में बात करते हुए नोरा फतेही कहती हैं, 'आज इन्फ्लुएंसर का जमाना है, हर कोई बच्चा इन्फ्लुएंसर बनकर पैसा कमाना चाहता है, लेकिन यह इतना भी आसान नहीं है। आप के अंदर ऐसा व्यक्तित्व होना चाहिए जो लोगों को आप की तरह आकर्षित कर सके।' 6 फरवरी 1992 को कनाडा में जन्मी नोरा फतेही का असली नाम नूरा फथी है। उनके माता-पिता नॉर्थ अफ्रीका के मोरक्को से रहे हैं और दोनों तलाकशुदा हैं। नोरा का एक छोटा भाई ओमर फतेही है। नोरा ने अपनी शुरुआती पढ़ाई टोरंटो के वेस्टव्यू सेंटेनियल सेकेंड्री स्कूल से पूरी की, उसके बाद टोरंटो के यॉर्क विश्वविद्यालय में ग्रेजुएशन में दाखिला लिया, लेकिन कुछ कारणों की वजह से नोरा अपनी पढ़ाई पूरी नहीं की और कॉलेज बीच में ही छोड़ दिया।

### रिजेक्ट होना तो मेरी जिंदगी की दिनचर्या बन गई थी

नोरा कहती हैं, 'ऑडिशन के दौरान कास्टिंग डायरेक्टर मुझे जानबूझकर हिंदी में लिखी स्क्रिप्ट दिया करते थे ताकि मेरे सामने ही मेरा मजाक उड़ा सकें। मुझे बहुत गुस्सा आता था, लेकिन अपने गुस्से पर नियंत्रण रखते हुए वहां से निकल जाती थी। मुझे इस बात का अंदाजा भी नहीं था कि लोग इस तरह से मजाक उड़ाएंगे। काश, किसी ने मुझे पहले बताया होता कि हिंदी भाषा को लेकर मेरा मजाक उड़ाया जाएगा तो भाषा सीखकर आती। लेकिन मैंने हिम्मत नहीं हारी, जब मुंबई आई तो 8-9 लड़कियों के साथ रहना पड़ा, वह बहुत शातिर थीं। मेरा पासपोर्ट भी चुरा लिया गया, लेकिन मेरे हौसले को कोई नहीं तोड़ पाया। रिजेक्ट होना तो मेरी जिंदगी की दिनचर्या बन गई थी।' अभिनेत्री नोरा फतेही ने कमल सदाना के निर्देशन में बनी फिल्म 'रोर : टाइगर्स ऑफ द सुंदरबंस' से बॉलीवुड डेब्यू किया था। साल 2014 में रिलीज इस फिल्म में नोरा ने सीजे की भूमिका निभाई थी। इस फिल्म के बाद उन्होंने साउथ की कुछ फिल्मों में कैमियो भी किया जिसमें फिल्म 'बाहुबली : द बिगनिंग' भी शामिल है। इस फिल्म के गाने 'मनोहारी' में वह नजर आई

## पंकज त्रिपाठी को लोग कहने लगे थे ओटीटी एक्टर

# अभिनेता ने कहा- वो इमेज नहीं है अब



पंकज त्रिपाठी की पहचान आज बॉलीवुड के सबसे प्रतिभाशाली अभिनेताओं में होती हैं। अपनी दमदार अभिनय क्षमता से पंकज हर भूमिका में बहुत सहजता से ढल जाते हैं। चाहे वह कॉमेडी हो या फिर थ्रिलर। मिर्जापुर और सेक्रेड गेम्स जैसी वेब सीरीज में उनके किरदार ने उन्हें खूब लोकप्रियका हासिल की, लेकिन ओटीटी की सफलता ने पंकज को एक ओटीटी अभिनेता के रूप में टाइपकास्ट कर दिया था। लोग उन्हें सिर्फ ओटीटी अभिनेता मानने लगे थे। हाल ही में एक साक्षात्कार ने पंकज त्रिपाठी ने इसका खुलासा किया।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कोरोना महामारी के दौरान पंकज त्रिपाठी एक ओटीटी अभिनेता के तौर पर उभरे। साक्षात्कार में पंकज त्रिपाठी ने बताया कि कोरोना में लॉकडाउन के दौरान जब सिनेमाघर बंद थे, तभी उनकी वेब सीरीज मिर्जापुर आई थी, जिसे लोगों ने खूब पसंद किया और उन्हें भी खूब लोकप्रियता मिली। इसके अलावा 'गुंजन सक्सेना', 'मिमी', 'लूडो' और 'कागज' जैसी सफल फिल्में, जो सिनेमाघरों में रिलीज होनी थी, लेकिन लॉकडाउन के कारण उन्हें ओटीटी पर रिलीज करना पड़ा, जिससे ओटीटी प्लेटफार्मों के साथ उनका जुड़ाव और मजबूत हो गया।

### स्त्री 2 व वेब सीरिज में नजर आने वाले हैं पंकज


ओटीटी पर कई सफल प्रोजेक्ट में नजर आने के बाद पंकज 'ओएमजी 2', 'फुकरे 3' जैसी फिल्मों में भी नजर आए। पंकज ने बताया कि उन्होंने पहले की तरह अब उन्हें केवल ओटीटी अभिनेता के रुप में लेबल नहीं किया गया है, क्योंकि, अब उनका काम बोलता है। उन्होंने कहा, 'अब ये नॉर्मल हो गया है, मुझे अब सिर्फ एक ओटीटी अभिनेता के रुप में टैग नहीं किया जाता, वो इमेज नहीं है अब।' पंकज ने आगे बताया कि किसी भी प्रोजक्ट को चुनने के लिए उनका नजरिया प्लेटफार्म को लेकर प्रतिबंधित नहीं है। उन्होंने कहा, 'मेरे पास कई फ्रेंचाइजी हैं जो चल रही हैं। इसलिए मैं उन्हें प्राथमिकता देता हूं'। गौरतलब है कि पंकज इस साल वे स्त्री 2 समेत कई फिल्म और वेब सीरीज के फ्रेंचाइजी में नजर आने वाले हैं।

## '12th फेल'

# विक्रांत मैसी ने सेट पर रील बनाने वाले स्टार्स को लगाई लताड़

बॉलीवुड एक्टर विक्रांत मैसी इन दिनों लगातार लाइमलाइट का हिस्सा बने हुए हैं। हाल ही में एक्टर की '12वीं फेल' ने सभी का दिल जीत लिया है। विक्रांत मैसी की करीना कपूर से लेकर कंगना रनौत ने जमकर तारीफ की है। फिल्म '12वीं फेल' बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार कमाई करने के बाद ओटीटी पर भी दर्शकों का दिल जीत चुकी है।

विधु विनोद चोपड़ा द्वारा निर्देशित आईपीएस ऑफिसर मनोज कुमार शर्मा की जिंदगी पर आधारित फिल्म में उनका किरदार निभाने के लिए विक्रांत को समीक्षकों से भी खूब सराहना मिली। इसी बीच एक्टर ने बिना किसी का नाम लिए उन स्टार्स पर निशाना साधा है, जो जो हर काम छोड़कर रील बनाने पर फोकस करते हैं। इसके अलावा उन्होंने एक्टर-प्रोड्यूसर फरहान अख्तर और उनके काम करने के तरीके की तारीफ की। वहीं जब एक्टर से पूछा गया कि क्या वो रियल लाइफ में एक घटिया इंसान बनकर फिल्मों में एक अच्छे एक्टर बन सकते हैं। इस पर विक्रांत ने कहा कि "कुछ लोग हैं, जो रियल लाइफ में घटिया हैं। हालांकि मैं किसी का नाम नहीं लूंगा।



### मुझे अपने काम से प्यार है...

अनफिल्टर्ड बाय समदीश के लेटेस्ट एपिसोड में विक्रांत ने कहा कि "कुछ कलाकार सेट पर आते हैं और उनकी पहली प्राथमिकता होती है रील बनाना और अपलोड करना। मैं उनका नाम नहीं लूंगा क्योंकि शायद मेरी ये स्टेटमेंट वायरल हो जाए। वह जो ऐसा करता है उसे समझ आ जाएगा कि मैं ऐसा किसके लिए कह रहा हूं और मेरा मकसद बस यही है। इसलिए किसी का नाम नहीं लूंगा। अगर वो समझ जाए तो मेरा पर्पस सॉल्व हो गया। मैं बातें मुंह पर कह देता हूं और मेरे पास अपने काम के अलावा कुछ नहीं है। मुझे अपने काम से प्यार है जो अब मैं कर सकता हूं और यही मेरे लिए सब कुछ है।"

### आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी में उपजिला निर्वाचन अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारियों के सर्टिफिकेशन प्रोग्राम के द्वितीय चरण के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया

# सभी अधिकारी सुनिश्चित करें, कि मतदाता सूची पूरी तरह से शुद्ध हो : अनुपम राजन

• गरुड़ एक्सप्रेस डेस्क

**नीमच। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारीअनुपम राजन ने सोमवार को आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी भोपाल में लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारियों को लेकर उपजिला निर्वाचन अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारियों के द्वितीय चरण के सर्टिफिकेशन प्रोग्राम के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यह पांच दिन तक चलेगा। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकरीराजन ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधिकारियों को संबोधित किया।**

श्री राजन ने कहा, कि निर्वाचन के कार्य को सभी अधिकारी गंभीरता से लें, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। लोकसभा निर्वाचन 2024 के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा भेजे जाने वाले सभी दिशा-निर्देशों का अच्छी तरह से अध्ययन कर लें। मतदाता सूची पूरी तरह से शुद्ध हो और एक परिवार के सभी सदस्यों का नाम एक ही मतदान केंद्र पर हो सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें। मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन करें। यदि किसी मतदान केंद्र पर 1500 से अधिक मतदाताओं की संख्या है, तो सहायक मतदान केंद्र बनाने का प्रस्ताव भेजें। उन्होंने सभी अधिकारियों को मतदान केंद्रों पर बैठक व्यवस्था, बिजली, शौचालय, पीने का पीने और रैंप की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

लंबित आवेदनों का जल्द निराकरण करें:-सर्टिफिकेशन प्रोग्राम के तहत मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा, कि कोई भी प्रकरण लंबित नहीं होना चाहिए। नाम जोड़ने, हाटने और संशोधन के लिए प्राप्त हुए आवेदनों का जल्द से जल्द निराकरण करने और मतदाता सूची से दोहरी प्रवृष्टि, समान फोटो वाले मतदाताओं की जांच करने के निर्देश दिए।

मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप गतिविधियों में तेजी लाएं:-श्री राजन ने कहा,कि प्रदेश में ऐसे कई मतदान केंद्र हैं,जहां पर पिछले लोकसभा निर्वाचन-2019 में मतदान का प्रतिशत कम था। ऐसे क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाताओं को प्रचार-प्रसार के माध्यम से जागरूक करें। स्वीप गतिविधियों में तेजी लाएं। इसके साथ ही वल्नरेबिलिटी मैपिंग की कार्यवाही भी पूर्ण करें।

श्री राजन ने कहा,कि कुछ जिलों में जेंडर रेशियो के अनुपात में पुरुष मतदाताओं की तुलना में महिला मतदाताओं की संख्या कम है, उन जिलों में महिला मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने हेतु अभियान चलाएं। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, आशा, ऊषा सहित शासकीय विभाग में कार्यरत महिला अधिकारियों-कर्मचारियों की मदद लें। 8 फरवरी को प्रदेश के सभी मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जा चुका है। मतदाता सूची में नाम जोड़ने की प्रक्रिया अभी चल रही है, ऐसे में जिन मतदाताओं का नाम छूट गया है,या जिनकी उम्र एक जनवरी 2024 को 18 वर्ष से अधिक हो गई है,वे अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा ऑनलाइन और ऑफलाइन की सुविधा प्रदान की गई है।

कोई भी नागरिक Voter Helpline App और voters.eci.gov.in इन वेबसाइट पर जाकर अपना नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारीराकेशसिंह, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारीबसंत कुर्रे, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी व नेशनल मास्टर ट्रेनरप्रमोद कुमार शुक्ला, एनएलएमटी झारखंड सुश्री गीता चौबे, छत्तीसगढ़प्रनवसिंह,प्रवास जैन मप्र, हरियाणाविशाल, उज्जैनगजेंद्र उज्जैनकर उपस्थित रहे।

### पीएम किसान उत्सव दिवस आज

# पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 16वीं किश्त वितरण आज

• गरुड़ एक्सप्रेस डेस्क

**नीमच।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत वर्ष में कुल राशि रुपये 6000/- तीन समान किश्तों में प्रदान की जाती है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 16वीं किश्त वितरण का कार्यक्रम प्रधानमंत्री जी द्वारा आज 28 फरवरी 2024 को यवतमाल, महाराष्ट्र राज्य से किया जा रहा है। 16वीं किश्त वितरण दिवस को 'पीएम किसान उत्सव दिवस' के रूप में मनाया जावेगा। एडीएम सुश्री नेहा मीना ने बताया,कि 'पीएम किसान उत्सव दिवस के आयोजन में सांसद, विधायकगण व स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जावेगा। ब्लॉक स्तर पर प्रोजेक्टर, बडी स्क्रीन के माध्यम से कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा।

जिले की ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम के प्रसारण की व्यवस्था कर कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा। योजनांतर्गत पटवारियों को नियत ग्राम हेतु ग्राम नोडल अधिकारी नामांकित किया गया है। अतः सभी कार्यक्रम में सम्मिलित होगे। ग्राम नोडल अधिकारी संबंधित कृषकों को भी कार्यक्रम में वर्चुअली सम्मिलित होने हेतु प्रेरित करेंगे एवं हितग्राहियों को किश्त प्राप्त करने हेतु ई-केवायसी, आधार एंव बैंक खाता लिंकिंग एवं पीएम किसान पोर्टल पर स्टेटस अवलोकन करने संबंधी जानकारी प्रदान करेंगे। https://pmevents.ncog.gov.in/ लिंक के माध्यम से अधिक से अधिक हितग्राहियों का पंजीयन कराकर, हितग्राहियों की कार्यक्रम में सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी। कार्यक्रम से जुडने हेतु वीडियों कांफ्रेंसिंग लिंक https://pmindiawebcast.nic.in का उपयोग किया जा सकता है।

उक्त कार्यक्रम अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम के नोडल अधिकारी संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं सहायक नोडल अधिकारी संबंधित मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत होंगे। संबंधित नोडल अधिकारी माननीय जनप्रतिनिधियों के समन्वय से ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम स्थल का निर्धारण करेंगे।

# नल लगने से खुश हैं, रुपपुरा की महिलाएं

### हर-घर नल कनेक्शन होने से ग्रामीणों के चहरे खिले

• गरुड़ एक्सप्रेस डेस्क

**नीमच।** अरावली पर्वतमाला की सुरम्यवादियों में मध्यप्रदेश एवं राजस्थान की सीमा पर स्थित रूपपुरा गाँव जो कभी पीने के पानी के संकट से जूझ रहा था, लोक स्वास्थ्य यान्त्रिकी विभाग ने यहाँ जल जीवन मिशन के अन्तर्गत ग्रामीण नल जल योजना के तहत विभिन्न कार्य पूर्ण कर, ग्रामीणों की प्यास बुझाई है। रूपपुरा के लोग अब प्रतिदिन स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण जल का उपयोग कर रहे है।

रूपपुरा नीमच जिले की जावद तहसील का पंचायत मुख्यालय है। यह नीमच से 24 किलोमीटर और तहसील मुख्यालय जावद से 9 किलोमीटर दूर जावद-मोरवन मार्ग पर मुख्य सड़क से 2 किलोमीटर उत्तरदिशा में अरावली की तलहटी में बसा है। रूपपुरा गाँव कभी बूंद-बूंद पानी को तरसता था मगर आज इस गाँव की महिलाएँ यहाँ नल कनेक्शन हो जाने से ख़ुशी का इज़हार कर रही हैं।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्रीएस.सी.जलोनिया ने बताया, कि विभाग द्वारा ग्राम रूपपुरा में उच्च स्तरीय टंकी का निर्माण किया गया, जिसकी क्षमता 1. 25 लाख लीटर है। दो नलकूपों का पानी संग्रहित करने के लिए 30 हजार लीटर क्षमता का सम्पवेल बनाया गया है, जिसका पानी उच्च स्तरीय विद्युत मोटरों से पानी चढाया जाता हैं।जलोनिया ने बताया कि योजना में 90 मी.मी. व्यास की 3955 मीटर राइजिंग मेन लाइन बिछाई गई है, वहीं 110 मी.मी. की 1355 मीटर एवं 90 एम.एम. की 6930 मीटर पाइप लाइन डाली गई हैं। गाँव की नई आबादी सहित विभिन्न मोहल्लों में 727 नल कनेक्शन दिए गए है। जिनके माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति हो रही हैं।

रूपपुरा गाँव की नई आबादी निवासी शान्ति बाई भील ने बताया कि पिछले सात-आठ महीने से हमारे घरों में नलों के माध्यम से प्रेशर के साथ पर्याप्त मात्रा में शुद्ध पानी आ रहा है। एक समय था जब हम दूर-दूर से पीने का पानी लाते थे । पानी के लिए अब हमें कहीं भटकना नहीं पड़ता, बल्कि नल की टोटी खोलते ही पानी मिल रहा है।

इसी तरह गाँव की ही कैलाशी बाई भी अपने घर-आँगन में नल कनेक्शन लग जाने से बहुत खुश हैं। वह कहती हैं कि हमें रोज लगभग एक घंटा नल से पानी मिल रहा है जो हमारे प्रयाप्त है। उन्होंने बताया,कि हमारे घरों में नल कनेक्शन निःशुल्क हुए हैं। पानी के लिए ख़ूब मुशिबतें झेली, अब जाकर हमारे अच्छे दिन आये है। अब हमें घर बैठे पानी मिल रहा है। गाँव का ही हरिराम पिता भोला भील कहता है कि साब, हमारे घर ऊँची पहाड़ी पर स्थित है फिर भी हमें यहाँ बहुत तेज प्रेशर के साथ नलों के माध्यम से पानी मिल रहा है। कभी कभार बरसात में हवा-आँधी के कारण बिजली बंद हो जाने पर जरूर थोड़ी बहुत दिक्कत आती है लेकिन टंकी भरते ही पानी सप्लाय हो जाता हैं।

गीता भील ने भी अपने घर नल कनेक्शन लग जाने पर ख़ुशी जाहिर करते हुए कहा कि भला हो सरकार का जिसने हमारी सुध ली और हमारे घर में नल लगवा दिये।

कैलाश बाई ने बताया कि हमारे यहां पानी की बहुत परेशानी थी। दूर-दूर से पानी लाना पड़ता था। कभी हैंडपंप तो कभी कुओं पर भटकना पड़ता था। अब घरों में नल लग जाने के बाद हमें शुद्ध पेयजल मिल रहा है। ऐसी ही खुशी आशा पति गोविन्द भील, शारदा पति कन्हैया लाल भील ने भी जाहिर की है। ये सभी अपने घर में नल कनेक्शन लग जाने से खुश है।

### अपर कलेक्टर सुश्री नेहा मीना एवं जिला पंचायत सीईओ गुरुप्रसाद ने की जनसुनवाई

# जनसुनवाई में 72 लोगों की सुनी समस्याएं, निराकरण के दिए निर्देश

• गरुड़ एक्सप्रेस डेस्क

**नीमच। सभी जिला अधिकारी जनसुनवाई में प्राप्त समस्याओं का तत्परतापूर्वक निराकरण करें। यह निर्देश अपर कलेक्टर सुश्री नेहा मीना एवं जिला पंचायत सीईओ श्री गुरुप्रसाद ने मंगलवार को जनसुनवाई करते हुए संबंधित जिला अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर श्री राजेश शाह,सुश्री प्रिती संघवी, डिप्टी कलेक्टर सुश्री किरण आजनां सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।**

जनसुनवाई में 72 लोगों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। अठाना की कलाबाई ने कृषि भूमि से कब्जा हटवाने, धामनिया के कालबेलिया योगी नाथ समाज जनों ने मुक्तिधाम शमशान के लिए जमीन दिलाने, रामपुरा के सुनील ने निजी स्वामित्व के प्लाट व रास्ते का सीमांकन करवाने, मांगरोल के बापूसिह सौंधिया ने प्रधानमंत्री आवास के लिए अनुदान दिलाने, पिपलियाव्यास के मदनलाल बंजारा ने खेत पर आने जाने का रास्ता खुलवाने, कुम्हारा गली नीमच कैंट के इकराम ने शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करने वालें के विरूद्ध कार्यवाही करने, रामपुरा नगर की सपना ने वर्षो पुरानी कब्जे की जमीन पर बनी दिवार गिराने एवं तोडफोड करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करने, डूंगलावदा की संगीता दमामी ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया।

जनसुनवाई में जाजूंगज नीमच के सलीम खान हैदर, भोई मोहल्ला रामपुरा की ज्योति, नीमच सिटी के शौकीनलाल, धनेरिया कलां के कैलाशचंद्र लोधा, खेडी मोहल्ला नीमच सिटी के राजेश जैन, रतनगढ की रेखा राठौर, चुकनी के अर्जुन शर्मा, बघाना के वसीम खान, धनेरियाकलां की श्यामाबाई मीणा, सरवानिया महाराज के शिवनाथ, रामकन्याबाई, कुण्डला के मदन, सुवाखेडा की दाखीबाई, भाटखेडी के यशवन्त सिह, पिपल्याहाडी के मनोहरलाल, मनासा के रामलाल आदि ने भी जनसुनवाई में आवेदन प्रस्तुत कर अपनी समस्याएं सुनाई। एडीएम ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों, समस्याओं का तत्परतापूर्वक निराकरण कर संबंधित को अवगत कराने के निर्देश भी दिए।



शिक्षा विभाग में
41 वर्ष 7 माह
की गौरवमयी सेवा पूर्ण कर
शासकीय माध्यमिक विद्यालय
हरवार के प्रधानाध्यापक
श्री शांतिलाल जी भामावत
को सेवानिवृत्त होने पर
हार्दिक बधाई
शुभकामनाएं



शुभेच्छु
डॉ. शंभूलाल अहिरवार
जिलाध्यक्ष अहिरवार समाज
जिला नीमच

श्रीमती भगवती अहिरवार
उच्च श्रेणी शिक्षक माध्यमिक
विद्यालय जीरन





शिक्षा विभाग में 41 वर्ष 7 माह की
गौरवमयी सेवा पूर्ण कर शासकीय माध्यमिक
विद्यालय हरवार के प्रधानाध्यापक
श्री शांतिलाल जी भामावत
को सेवानिवृत्त होने पर
हार्दिक बधाई शुभकामनाएं

शुभेच्छु



धन्नालाल अहिरवार
संभाग अध्यक्ष, अहिरवार समाज
संघ उज्जैन, भोपाल



भेरू अहिरवार
फौजी, नीमच



किशोरकुमार अहिरवार
टोल सुपरवाइजर पिपलियामंडी



सुरेशकुमार अहिरवार, परासली



रोहित अहिरवार, परासली



मोहित अहिरवार, परासली

रविप्रकाश अहिरवार, ऋतुराज अहिरवार, तरुण अहिरवार, प्रतिज्ञा अहिरवार, प्रीति लाडू अहिरवार
अहिरवार परिवार परासली, तहसील जीरण, जिला नीमच

ज्ञानोदय
मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में
आयुष्मान
योजना लागू

GMH
...where healing begins



5 लाख रूपए
प्रति वर्ष, पात्र परिवार को
निःशुल्क उपचार

आयुष्मान भारत
अब बीमार नहीं रहेगा लाचार, अंचल के
भव्य हॉस्पिटल में होगा निःशुल्क उपचार

आयुष्मान कार्डधारकों के निम्नलिखित बीमारियों के उपचार निःशुल्क किए जाएंगे –

- जनरल मेडिसीन
- बाल चिकित्सा प्रबंधन
- नवजात गहन शिशु इकाई
- आपातकालीन चिकित्सा
- जनरल सर्जरी
- बर्न प्रबंधन
- प्रसूति एवं स्त्री रोग
- अस्थि एवं हड्डी रोग
- गंभीर चोटें
- संक्रामक रोग

अब उदयपुर एवं इंदौर जाने की जरुरत नहीं
सुपरस्पेशलिस्ट डॉक्टर्स
का समूह एक ही स्थान पर उपलब्ध



ज्ञानोदय मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
ज्ञानोदय महाविद्यालय के पीछे, कनावटी, नीमच 6262778282

।।श्री गणेशाय नमः।।
श्री मंशापूर्ण यात्रा संघ
जीरन, जिला-नीमच (म.प्र.)

हिमालय दर्शन, हरिद्वार, ऋषिकेश, यमनोत्री, गंगोत्री, उत्तरकाशी, केदारनाथ, श्री बद्रीविशालजी माना, सरस्वती दर्शन

उत्तराखण्ड के चार धाम की यात्रा

25 से 27 दिवसीय यात्रा
2x2 लक्झरी बस द्वारा
प्रति यात्री किराया
22501/- रुपये
प्रस्थान दिनांक : 13 मई 2024

अयोध्या यात्रा
जीरन से पुष्कर जी, सालासार बालाजी, खाटु श्याम, मेहन्दीपुर बालाजी, गोकुल, मथुरा, वृन्दावन, अयोध्या रामलला के दर्शन, बनारस, काशी विश्वनाथ ज्योर्तिलिंग, प्रयागराज (इलाहाबाद), चित्रकूट से जीरन यात्रा

समय अवधि 8 दिन
यात्रा प्रस्थान दिनांक - मार्च 2024
2x2 स्लीपर कोच बस द्वारा यात्रा

चाय नास्ता भोजन सहित *2100/- रू. देकर अपनी स्लीपर बुक कराये
प्रति यात्री किराया - 8001/

-: व्यवस्थापक :-
सुरेश मुकाती मो. 8109210229
लोकेश मुकाती मो. 7000736940
राकेश पाटीदार, नीमच मो. 9424531032


स्वामी प्रकाशक राजेश लक्षकार के लिए मुद्रक प्रेमप्रकाश जैन के द्वारा नाकोड़ा ग्राफिक्स सिस्टम एण्ड प्रिंटर्स, 129, विकास नगर,
नीमच (म.प्र.) से मुद्रित कर 51 पीपल चौक जीरन, जिला-नीमच से प्रकाशित। **सम्पादक - राजेश लक्षकार***